ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

संख्या–473 /भा.विवि/कुस.का/2025
दिनांक :27 मार्च, 2025

सेवा में,
डॉ0 तसलीम जमाल
नोडल अधिकारी–फैमिली आई.डी.

**विषय : फैमिली आई.डी. मैपिंग/लिंकेज की प्रगति की समीक्षा के सम्बन्ध में दिनांक 20 फरवरी 2025 को विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त दिनांक 28–02–2025 के अनुपालन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उप सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–629/सत्तर–3–2025 दिनांक 19 मार्च 2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से फैमिली आई.डी. मैपिंग/लिंकेज की प्रगति की समीक्षा के सम्बन्ध में दिनांक 20 फरवरी 2025 को विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त दिनांक 28–02–2025 का अनुपालन किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या–4 पर आपके स्तर से कार्यवाही की जानी है।

भवदीय,

**संलग्नक : यथोक्त।**

27/3

**(डॉ0 महेश कुमार)**
**कुलसचिव।**

Add. : - Sitapur-Hardoi Bypass Road, Lucknow-226013 U.P. (India)
website : https://kmclu.ac.in/, e-mail : reg@kmclu.ac.in

1207/Reg.Off./KMCLU/2025.

महत्वपूर्ण

संख्या–629/सत्तर–3–2025

प्रेषक,

एस0पी0 मिश्र,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक 19 मार्च, 2025

विषयः फैमिली आई0डी0 मैपिंग/लिंकेज की प्रगति की समीक्षा के सम्बन्ध में दिनांक 20 फरवरी, 2025 को विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त दिनांक 28.02.2025 के अनुपालन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, जनशक्ति नियोजन प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान (नवीन प्रभाग), उ0प्र0 के पत्र संख्या–433/14/7–360/69055/ज0नि0प्र0/2024, दिनांक 28.02.2025 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हये मुझे कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत कार्यवृत्त में दिये गये निर्देशों के अनुपालन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने एवं कृत कार्यवाही की सूचना निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज के माध्यम से शासन को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकःयथोक्त।

भवदीय,

Signed by
Surya Prakash Mishra
Date: 19-03-2025 18:13:04

(एस0पी0 मिश्र)
उप सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

2– निजी सचिव, विशेष सचिव (श्री गिरि), उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

3– अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से सम्बन्धितों को प्रश्नगत योजना में दिये गये दिशा–निर्देशों को सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित करते हुये की गयी कार्यवाही की अनुपालन आख्या निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

4– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,
(एस0पी0 मिश्र)
उप सचिव।

Arshad
20/3

संख्या-629/सत्तर-5-2025

**विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में दिनांक 20 फरवरी, 2025 को विभागीय योजनाओं में फैमिली आई0डी0 लिंकेज की प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक का कार्यवृत्त**

उपस्थिति संलग्न।

विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बैठक में बेसिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, राजस्व तथा ग्राम्य विकास विभाग के प्रतिनिधियों के साथ विभागीय योजनाओं में फैमिली आई0डी0 लिंकेज की प्रगति की समीक्षा की गयी।

बैठक में सम्यक विचारोपरान्त निम्नलिखित बिन्दुओं पर सहमति बनी:-

1. बैठक में यह सहमति बनी कि राजस्व विभाग द्वारा फैमिली आई0डी0 डाटाबेस में caste codes के सापेक्ष caste names उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके साथ ही राजस्व विभाग द्वारा फैमिली आई0डी0 के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र निर्गमन हेतु निर्मित fast track मॉड्यूल का demo (प्रदर्शन) नियोजन विभाग के साथ किया जायेगा तथा राजस्व विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को fast track मॉड्यूल का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त ए0पी0आई0 के माध्यम से आय-प्रमाण पत्र संख्या के आधार पर आय का डाटा साझा किये जाने हेतु नियोजन विभाग द्वारा राजस्व विभाग को पत्र प्रेषित किया जायेगा।

(कार्यवाही- राजस्व एवं नियोजन विभाग)

2. बेसिक शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि द्वारा यह अवगत कराया गया कि विभाग के अन्तर्गत नि:शुल्क यूनिफार्म जूता-मोजा स्वेटर एवं स्कूल बैग की डी0बी0टी0 योजना से अनाच्छादित लगभग 7 लाख विद्यार्थी भी पंजीकृत हैं। यह भी अवगत कराया गया कि नि:शुल्क यूनिफार्म जूता-मोजा स्वेटर एवं स्कूल बैग योजना के अन्तर्गत लाभ हस्तान्तरण के उपरान्त फैमिली आई0डी0 रिवर्स सीडिंग ए0पी0आई0 auto-mode में उपभोग किये जाने हेतु विभाग द्वारा scheduler लगा दिया गया है। बैठक में यह सहमति बनी कि नि:शुल्क यूनिफार्म जूता-मोजा स्वेटर एवं स्कूल बैग की डी0बी0टी0 योजना से अनाच्छादित लगभग 7 लाख विद्यार्थियों के डाटा को भी ए0पी0आई0 के माध्यम से फैमिली आई0डी0 डाटाबेस से लिंक किया जायेगा। नि:शुल्क यूनिफार्म जूता-मोजा स्वेटर एवं स्कूल बैग योजनान्तर्गत ऐसे लाभार्थी, जिनकी फैमिली आई0डी0 उपलब्ध नही है, का डाटा नियोजन विभाग द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के साथ साझा किये जाने तथा बेसिक शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से इन लाभार्थियों की फैमिली आई0डी0 बनवाये जाने पर बैठक में सहमति व्यक्त की गयी। इसके साथ ही Children with Special Needs (CWSN) योजना के लाभार्थियों के अद्यतन डाटा को फैमिली आई0डी0 से मैप किया जायेगा। इसके अतिरिक्त बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के विद्यार्थियों का आधार हैश सहित APAAR ID का डाटा भारत सरकार से प्राप्त करने हेतु यथावश्यक कार्यवाही की जाने पर भी बैठक में सहमति बनी।

(कार्यवाही- बेसिक शिक्षा एवं नियोजन विभाग)

3. ग्राम्य विकास विभाग के प्रतिनिधि द्वारा यह अवगत कराया गया कि भारत सरकार से लखपति दीदी योजना की प्रदेश की लाभार्थियों का आधार हैश सहित डाटा 10-12 दिनों में उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है, जिसके उपरान्त फैमिली आई0डी0 से लिंक किया जायेगा। बैठक में यह सहमति बनी कि प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण योजनान्तर्गत प्रदेश के वर्तमान वित्तीय वर्ष के लाभार्थियों का डाटा भारत सरकार से प्राप्त कर फैमिली आई0डी0 से लिंक किया जायेगा तथा पूर्व के लिंक्ड डाटा में डी0बी0टी0 के माध्यम से लाभ हस्तान्तरण की धनराशि एवं वित्तीय वर्ष का डाटा भी ए0पी0आई0 में यथावश्यक मॉडिफिकेशन कर प्राप्त किया जायेगा। इसके साथ ही मनरेगा योजनान्तर्गत

वित्तीय वर्ष एवं कार्य दिवस (days worked) के डाटा सहित योजना के प्रदेश के लाभार्थियों का अद्यतन डाटा (data dump) भारत सरकार से एक नियमित अन्तराल पर प्राप्त किये जाने एवं फैमिली आई0डी0 से मैप भी किया जायेगा। इसके अतिरिक्त तीनों योजनाओं यथा लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण योजना एवं मनरेगा के ऐसे लाभार्थी, जिनकी फैमिली आई0डी0 उपलब्ध नहीं है, का डाटा नियोजन विभाग द्वारा ग्राम्य विकास विभाग के साथ साझा किये जाने तथा विभाग द्वारा इन लाभार्थियों की फैमिली आई0डी0 बनवाये जाने पर बैठक में सहमति व्यक्त की गयी।

(कार्यवाही- ग्राम्य विकास एवं नियोजन विभाग)

4. उच्च शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि द्वारा यह अवगत कराया गया कि प्रदेश के 24 सरकारी उच्च शिक्षण विश्वविद्यालयों का डाटा समर्थ पोर्टल के माध्यम से फैमिली आई0डी0 के साथ लिंक किया जायेगा। 44 निजी उच्च शिक्षण विश्वविद्यालयों में से 17 विश्वविद्यालयों द्वारा पोर्टल का प्री-प्रोडक्शन इंटीग्रेशन पूर्ण किया जा चुका है एवं सिक्योरिटी ऑडिट प्रक्रियाधीन है, जिसके पश्चात पोर्टल लाइव कर दिया जायेगा तथा शेष निजी उच्च शिक्षण विश्वविद्यालयों को इंटीग्रेशन प्रक्रिया की अस्पष्टता एवं पोर्टल निर्मित नहीं है। बैठक में यह सहमति बनी कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा श्रीट्रान इण्डिया लिमिटेड एवं स्टेट ई-गवर्नेंस मिशन टीम के साथ समन्वय करते हुए प्रदेश के सरकारी उच्च शिक्षण विश्वविद्यालयों का डाटा समर्थ पोर्टल के माध्यम से फैमिली आई0डी0 के साथ लिंक किया जायेगा तथा निजी उच्च शिक्षण विश्वविद्यालयों द्वारा पोर्टल निर्माण, इंटीग्रेशन एवं फैमिली आई0डी0 लिंकेज की प्रगति रिपोर्ट पाक्षिक रूप से नियोजन विभाग के साथ साझा की जायेगी।

(कार्यवाही- उच्च शिक्षा विभाग, श्रीट्रान इण्डिया लिमिटेड एवं स्टेट ई-गवर्नेंस मिशन टीम)

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त की गयी।

Signed by
Amit Singh Bansal
Date: 27-02-2025 18:15:30
(अमित सिंह बंसल)
विशेष सचिव

जनशक्ति नियोजन प्रभाग,
राज्य नियोजन संस्थान (नवीन प्रभाग), उ0प्र0,
चतुर्थ तल, योजना भवन, लखनऊ।

पत्रांक: 433/14/7-360/89055/ज0नि0प्र0/2024 दिनांक: 28 फरवरी, 2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
   बेसिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, राजस्व तथा ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश।
3. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. प्रबन्ध निदेशक, श्रीट्रॉन इण्डिया लिमिटेड, उ0प्र0।
5. हेड, स्टेट ई-गवर्नेन्स मिशन टीम, उ0प्र0।

28/2/25
(चन्दन सिंह)
निदेशक।